# शोभायात्रा में झांकियों से दिखाया संत का जीवन चरित्र, पीपाजी के जयकारे गूंजे

पाली में पीपा क्षत्रिय दर्जी समाज के आराध्य संत पीपा महाराज के जयंती महोत्सव पर शोभायात्रा निकाली। फोटो-राष्ट्रदूत

जोधपुर में संत शिरोमणि पीपाजी महाराज की जयंती पर शोभायात्रा निकाली।

**जोधपुर**, (कासं) । संत शिरोमणि पीपाजी महाराज की जयंती गुरूवार को धूमधाम के साथ मनाई गई। सुबह पूजा अर्चना तथा हवन के बाद भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

अपने आराध्य देव संत पीपा जी महाराज की जयंती को लेकर पीपा क्षत्रिय समाज के लोगों में सुबह से ही भारी उत्साह छाया हुआ था सुबह सभी लोगों ने अपने-अपने घरों पर गुरु की पूजा अर्चना की । उसके बाद सज-धज कर विजय चौक पहुंचे।

विजय चौक में हजारों की संख्या में की उपस्थिति भक्तों की उपस्थिति में हवन यज्ञ किया गया। विजय चौक में पीपा जी महाराज के मंदिर में पीपा क्षित्रय समाज द्वारा कांग्रेस नेता राजेंद्र सोलंकी, पूर्व शहर विधायक मनीषा पंवार, निवर्तमान महापौर कुंती देवड़ा तथा कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओमकार वर्मा का स्वागत किया गया। अतिथियों ने मंदिर में दर्शन व विधि विधान से पूजा अर्चना करने के बाद शोभायात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष भीमराज राखेचा, आसूलाल दहिया, नरेन्द्र कुमार चौहान, मनोहर लाल गोयल, कांग्रेस के मोती लाल राखेचा, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य नरेंद्र कुमार कच्छवाहा,भंवरलाल दहिया, पूर्व पार्षद जयप्रकाश राखेचा भी उपस्थित थे। स्वागत सत्कार के बाद विजय चौक से शोभायात्रा निकाली गइ। इस शोभायात्रा में विद्यानगर, सूरसागर,माता का थान तथा हाउसिंग बोर्ड से आने वाली लघु शोभायात्राएं भी शामिल हुई।

शोभायात्रा में भारतीय संस्कृति से ओतप्रोत अनेक झांकियां लोगों का मन मोह रही थी। सबसे आगे घोड़ों का लवाजमा था, जिस पर भारतीय महापुरुषों का स्वांग रचे युवा विराजमान थे। भजन मंडली के गायक कलाकार भजनों की स्वरलहरियों से वातावरण में भक्ति रस की सरिता बहा रहे थे। पांच सौ मातृशक्ति अग्रिम पक्ति में कलश उठाए चल रही थी।

शोभायात्रा में अनेक, युवा दुपहिया वाहन के साथ श्रृंखलाबद्ध चलते पीपा जी के जैकारे लगा रहे थे। शोभायात्रा में शामिल सभी युवाओं ने स्वेत वस्त्र धारण किए हुए थे।

शोभायात्रा विजय चौक मंदिर से आरम्भ होकर अजयचौक, गुलाब सागर, उम्मेद चौक, त्रिपोलिया बाजार, सोजती गेट, मोहनपुरा पुलिया होकर आर्य समाज भवन पहुंच कर संपन्न हुई। इसके पश्चात आर्यसमाज हवन में समाज बंधुओं के लिए महाप्रसादी का आयोजन किया गया।इसमें करीब 10 हजार की संख्या में समाज बंधु व मातृशक्ति प्रसादी ग्रहण की।

इसी के साथ दो दिवसीय पीपा जयन्ती महोत्सव का समापन हुआ। पुलिस ने मालुम व्यवस्था बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई।

आज पीपा क्षित्रय समाज के लोगों ने अपने-अपने प्रतिष्ठानों में अवकाश रखा। न्याति ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रकाश चावड़ा तथा सचिव नरेश सोलंकी ने सहयोग के लिए पुलिस प्रशासन सहित सभी का आभार व्यक्त किया।

### रास्ते में जगह-जगह हुआ स्वागत

**पाली**, (नि.सं.)। पीपा क्षत्रिय दर्जी समाज के आराध्य संत पीपा महाराज का 703 वां जयंती महोत्सव गुरुवार को दर्जी समाज की ओर से हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पाली शहर के खौड़ के बास स्थित चारभुजा मंदिर से गाजे-बाजे के साथ शोभायात्रा रवाना हुई। जो शहर के विभिन्न रास्तों से होते हुए पानी दरवाजा स्थित सिरेघाट पहुंच सम्पन्न हुई। इससे पहले खौड के बास स्थित चारभुजा मंदिर पर ध्वजा चढ़ाई गई।

समाज अध्यक्ष विक्रमसिंह भाटी ने बताया कि सुबह गाजे-बाजे के खौड़ का बास स्थित चारभुजा मंदिर शोभायात्रा रवाना की गई।

शोभायात्रा की अगुआई घुड़सवार हाथ में ध्वजा लिए हुए कर रहा था। युवा संत पीपा महाराज के जैकारे लगाते हुए चल रहे थे।महिलाएं और युवतियां पूरे रास्ते नाचते हुए चल रही थी।

इस अवसर पर ट्रेक्टर ट्रॉली में बैठी महिलाएं संत पीपा महाराज के भजन गाते हुए चल रही थी।

शोभायात्रा में शामिल संत पीपा महाराज, राधा-कृष्ण की झांकी और मिक्की माऊस का स्वांग रचे युवा आकर्षण का केंद्र रहे।

रास्ते में कई जगह फूल बरसात कर तो कई पर आइस्क्रीम खिलाकर शोभायात्रा का स्वागत किया गया।

पाली शहर के खौड का बास स्थित चारभुजा मंदिर से रवाना हुई शोभायात्रा गोल निम्बड़ा, सर्राफा बाजार, बादशाह का झंडा होते हुए सिरेघाट पहुंच सम्पन्न हुई। पूरे रास्ते सीओ सिटी मदनसिंह, कोतवाल रविन्द्रसिंह के नेतृत्व में पुलिस जाप्ता सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहा।

शहर के मंडिया रोड महावीर गृह निर्माण पार्ट बी सरस्वती स्कूल के पास स्थित दर्जी समाज के समाज के छात्रावास में सम्मान समारोह और महाप्रसादी का आयोजन हुआ।

यहां झांकियों में विभिन्न देवी-देवताओं का गेटअप करने वाले बच्चों को भी पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया।

इस दौरान महाप्रसादी के लाभार्थी गिरधारीलाल, भंवरलाल, जितेन्द्र भाटी, नेमीचंद गोयल, बालचंद, घनश्याम सोलंकी, प्यारेलाल चौहान, माणकलाल परमार, श्यामलाल दय्या आदि लाभार्थियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में अतिथि पूर्व विधायक ज्ञानचंद पारख, रमेश परिहार पहुंचे।

दर्जी समाज के सचिव इंद्रचंद राखेचा ने बताया कि इस दौरान मुकेश परमार, विकास आर्य, कपिल चौहान, दिनेश परिहार, शेरू गोयल, किशोर सोलंकी, नरेश सोलंकी, महेन्द्र परमार, रमेश रेपड़ावास, देवराज पंवार, पूनमचंद बडग़ुर्जर, प्रकाश गोयल, गोरू सोलंकी, मुकेश बडग़ुर्जर, दिनेश गोयल, प्रवीण गोयल, सुरेन्द्र गोयल, नीरज भाटी आदि व्यवस्था में जुटे रहे।

## जोधपुर रेल मंडल को हुई 2625 करोड़ रुपए की आय

**जोधपुर**, (कासं)। उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर रेल मंडल ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान 2625 करोड रुपए का राजस्व अर्जित किया है जो गत वित्तीय वर्ष 2024-25 से नौ प्रतिशत ज्यादा है। इसके अंतर्गत 1428 करोड रुपए मालभाड़ा, 940 करोड रुपए यात्री आय, 257 करोड रुपए अन्य मदों से अर्जित किया गया है।

उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर रेल मंडल में आज वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान किए गए कार्यों, पूर्ण हुई प्रमुख परियोजनाओं तथा आगामी योजनाओं के संबंध में मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई। मंडल रेल प्रबंधक ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में जोधपुर मंडल ने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। इस दौरान राजस्व अर्जन, माल परिवहन, यात्री सुविधाओं के विस्तार, सुरक्षा उन्नयन तथा आधारभूत संरचना विकास के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य पूर्ण किए गए हैं।

अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत कई स्टेशनों का पुनर्विकास कार्य पूरा किया गया, वहीं ट्रैक नवीनीकरण, विद्युतीकरण, स्वचालित सिग्नलिंग तथा डिजिटल सेवाओं के विस्तार से रेल संचालन को अधिक सुरक्षित एवं सुगम बनाया गया है। मंडल में पर्यावरण संरक्षण एवं ऊर्जा दक्षता के क्षेत्र में भी सराहनीय कार्य किए गए हैं, जिनमें सोलर ऊर्जा का उपयोग, ऊर्जा बचत उपाय तथा आईएसओ प्रमाणन जैसी उपलब्धियां शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, यात्री सुविधाओं में वृद्धि हेतु नई ट्रेनों का संचालन, स्टेशन उन्नयन, लिफ्ट एवं आधुनिक सुविधाओं की स्थापना जैसे कार्य भी किए गए हैं।

उन्होंने भविष्य की प्रमुख परियोजनाओं की जानकारी देते हुए बताया गया कि भगत की कोठी मेगा रेलवे हब, वंदे भारत स्लीपर डिपो एवं ट्रेनिंग सेंटर, अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत शेष स्टेशनों का पुनर्विकास, नई रेल लाइनों का निर्माण, डबलिंग कार्य तथा कवच सुरक्षा प्रणाली जैसे कई महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट प्रगति पर हैं, जो आने वाले समय में क्षेत्र की रेल सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ करेंगे। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक करनीराम, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक हितेश यादव सहित मंडल के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## गैबनशाह गाजी का उर्स आज से

**जालोर**, (कासं)। जालोर शहर के वीरमदेव चौक स्थित दरगाह हजरत शहीद गैबन शाह गाजी रहमतुल्लाह अलेह का सालाना दो दिवसीय उर्स का आगाज 3 अप्रैल से होगा। हिन्दू मुस्लिम कौमी एकता के रूप मे प्रसिद्ध गैबनशाह गाजी के आस्ताने पर अकीदतमंद बडी संख्या में शिरकत करेंगे।

दरगाह कमेटी के मुजफ्फर अली सैय्यद ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हजरत गैबनशाह गाजी का उर्स बडी शानो शौकत के साथ मनाया जायेगा। उर्स के पहले दिन 14 शव्वाल 3 अप्रैल को शाम चादर जुलूस के साथ गैबनशाह गाजी के आस्ताने पर अकीदतमंद द्वारा चादर व फूल पेश कर देश में खुशहाली व भाईचारा की दुआ की जायेगी। इसके बाद नमाज-ए-इशा के बाद मिलाद शरीफ का प्रोग्राम रखा गया है। जिसमें हजरत फैजान अशरफ जिलानी कछौछा शरीफ, हजरत अल्लामा मौलाना सैयद मोहम्मद अली भाई जान बाबा डीसा , हजरत राहुल अमीन जबलपुर, हजरत केसर खालीद दिल्ली तकरीर पेश करेगें। वहीं नात खा मौलाना रियाज अहमद दहलवी नातिया कलाम के नग्में गुनगुनायेगे। उर्स को लेकर दरगाह परिसर को आकर्षक रोशनी से सजाया गया है। वही जायरीनो के लिए माकूल व्यवस्था की गई है। आयोजन को सफल बनाने के लिए इंतजामिया कमेटी द्वारा व्यापक तैयारियां की गई हैं। इंतजामिया कमेटी ने सभी अकीदतमंदों से उर्स में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर फैयज हासिल करने की अपील की है।

## जिला कुश्ती आज

**जालोर**, (कासं)। जिला स्तरीय पुरुष व महिला अंडर -20 व अंडर- 17 कुश्ती प्रतियोगिता 3 अप्रैल को आर्य हनुमान व्यायामशाला भाग शाम 6 बजे आयोजित होगी।

जिला कुश्ती संघ ओलंपिक पद्धति के अध्यक्ष महेन्द्र मुनोत व सचिव दलपत सिंह आर्य ने बताया कि जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता अंडर - 20 में पुरुष वर्ग में 57, 61, 65 ,70, 74, 79 , 86, 92, 97 और 125 किलोग्राम फ्री स्टाइल वर्ग में तथा ग्रीको रोमन में 55 ,60, 63,67, 72,77,82, 87,97 और 130 किलो भार वर्ग तथा महिला वर्ग में 50,53, 55,57, 59, 62, 65 ,68,72 व 76 किलोग्राम भार वर्ग की कुश्तिया अंडर 17 कुश्ती प्रतियोगिता भारतीय कुश्ती महासंघ के नियमानुसार आयोजित करवाई जाएगी। प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक पहलवान अपनी प्रविष्टियां 3 अप्रैल को दोपहर 12 बजे तक आर्य वीरम व्यायामशाला में जमा करवा सकते हैं।

आर्य ने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाले पहलवानों को जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, अपने माता पिता का आधार कार्ड ,स्वयं का एक फोटो तथा जन्म प्रमाण पत्र अथवा मूल निवास प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य होगा।

# देहदान के संकल्प-गौ सेवा के साथ भा.वि.प. ने नया सत्र शुरू किया

**जालोर**, (कासं)। सेवा व संस्कारों के लिए समाज. में कार्य कर रही संस्था भारत विकास परिषद् की जालोर शाखा ने वर्ष 2026-27 सत्र के शुभारंभ पर पहले ही दिन बुधवार शाम को एक अंगूठी पहल की है।

शाखा के सचिव शांतिलाल सोनी ने बताया कि इस दिन परिषद् की प्रेरणा से एक दंपती ने संपूर्ण देहदान की स्वैच्छिक घोषणा की। इसके साथ ही इस दिन परिषद् के सेवा प्रकल्प के तहत मूक प्राणियों की सेवा हेतु गौ सेवा का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। साथ ही इस अवसर पर तीन नये सदस्यों ने भी परिषद् की सदस्यता ग्रहण की।जालोर शहर के निकट जालोर-लेटा गोल निमडी मार्ग पर स्थित गऊ रक्षा सेवा संस्थान में परिषद् के पूर्व प्रांतीय उपाध्यक्ष पदमाराम चौधरी, प्रांतीय महिला समन्वयक मधु शेखावत व शाखा के अध्यक्ष राजेन्द्र भूतडा की उपस्थिति में आयोजित समारोह में पंडित पवन कुमार दाधिच के आचार्यत्व में सर्वप्रथम प्रतीकात्मक रूप से गौ माता का कुमकुम का तिलक लगाकर, माला व धूप अर्पित अर्पित कर शाखा की महिला कार्यकर्ताओं ने गौ माता का पूजन किया ।तत्पश्चात गौशाला में मौजूद गोवंश को परिषद् सदस्यों के ही आर्थिक सहयोग से 15 क्विंटल हरा चारा व गुड खिलाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भारत विकास परिषद् की प्रेरणा से राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, गोदन में कार्यरत कर्मचारी 54 वर्षीय सुरेश कुमार वाघेला व उनकी पत्नी भगवती देवी ने स्वेच्छा से अपने मरणोपरांत सम्पूर्ण देहदान की घोषणा करते हुए संकल्प पत्र पर अपने निकटतम परिजनों व सम्बन्धियों की सहमति व साक्षी में अपने हस्ताक्षर किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व प्रांतीय उपाध्यक्ष पदमाराम चौधरी ने बताया कि भारत विकास परिषद् स्वामी विवेकानंद को अपना आराध्य महापुरूष मानकर उनके ध्येय वाक्य नर सेवा ही नारायण सेवा है के भाव से समाज में निस्वार्थ कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि एक अंगदान करने वाला डोनर 8 लोगों तक का जीवन बचा सकता है। कार्यक्रम में देहदान का संकल्प लेने वाले दंपती सुरेशकुमार वाघेला और उनकी पत्नी भगवती देवी का परिषद् की ओर से कुमकुम का तिलक लगाकर तथा अंग वस्त्र पहनाकर अभिनंदन, सम्मान व पूजन किया गया। इस अवसर पर सत्र के पहले दिन ही ग्रेनाइट व्यवसायी शिव प्रसाद अग्रवाल, स्कूल व्याख्याता सविता परमार व राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रताप चौक, जालोर में कार्यरत व्याख्याता लता मुकेश ने परिषद् के सेवा कार्यों से प्रभावित होकर स्वेच्छा से भारत विकास परिषद् शाखा जालोर की सदस्यता ग्रहण की। परिषद् की ओर से उन्हें अंग वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया। अंत में शाखा के पुन: नव निर्वाचित अध्यक्ष राजेन्द्र भूतडा ने सभी का आभार प्रकट कर धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस अवसर पर सचिव शांतिलाल सोनी ,कोषाध्यक्ष शंकर लाल सोलंकी, शाखा महिला समन्वयक सीता सुंदेशा, संतोषकुमार दवे, कमल किशोर भूतडा,महेन्द्रा आनंद वैष्णव, रश्मि शर्मा, श्यामा भूतडा ,लेहरीदेवी, सपना बजाज, प्रेम कुमार परमार , रामप्रकाश खबाणी, सत्तू राजपुरोहित, कालूराम कुमावत सहित कई व्यक्ति उपस्थित थे।

### जिला टीम बनाई

**जालोर**, (कासं)। भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर 6 अप्रैल एवं उसके निमित्त होने वाले विभिन्न कार्यक्रम को लेकर जिला टीम गठित की गई। भाजपा जिला प्रवक्ता दिनेश महावर ने बताया कि भाजपा प्रदेशअध्यक्ष मदन राठौड एवं भाजपा जिला अध्यक्ष जसराज राजपुरोहित के निर्देशानुसार निम्न जिला टीम की घोषणा की। जिला संयोजक के लिए जिला महामंत्री गजेंद्रसिह सिसोदिया जिला सहसंयोजक के लिए जिला प्रवक्ता दिनेश महावर, जिला मंत्री भरतसिंह भोजानी,पूर्व मंडल अध्यक्ष अमृतलाल चौधरी की घोषणा की गई।

## पवनपुत्र का जन्मोत्सव मनाया

**रेवदर**, (निसं)। हाथल गांव में व गाँव के बाहर स्थित हनुमानजी मंदिर मे हनुमानजी जन्मोत्सव ब? धूमधाम से मनाया गया। जन्मोत्सव शोभा यात्रा मे हनुमानजी के परम भक्त लक्ष्मण माराज नगरवणा का सानिध्य रहा।

गांव के युवा जगदीश धारावत ने बताया कि गाँव के हनुमान मंदिर मे हनुमान चालीसा पाठ व आरती के बाद शोभा यात्रा गाँव के मुख्य मार्गो से डीजे की भक्तिमय धुन व गजे बाजो के साथ गाँव के बाहर स्थित हनुमान मंदिर पहुंची। सभी ग्रामवासियों ने ?ोल व डीजे पर नाचने का आनंद लिए।महिलाओं ने मंगल गीत गाये।

सभी भक्त जनों ने गगन भेदी जयकारे लगाकर वातावरण को भक्तिमय कर दिया।हनुमान महाआरती के बाद सावलाराम व मालाराम लोहार परिवार की तरफ से भोजन प्रसादी का आयोजन हुआ। इस अवसर पर सभी ग्रामवासी उपस्थिति रहे।

## हनुमान चालीसा की चौपाइयां गूंजी

**जोधपुर**, (कासं) । बल, बुद्धि व पराक्रम के देवता हनुमानजी का जन्मोत्सव गुरुवार को पूरे शहर में धूमधाम से श्रद्धापूर्वक मनाया गया। राम व हनुमान मंदिरों में सुबह से ही जय बजरंग बली, जय हनुमान के जैकारे गूंजने लग गए। यहां सुंदरकांड का पाठ सहित कई तरह के धार्मिक आयोजन हुए। शहर के सभी हनुमान मंदिरों में दिनभर श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। मंदिरों पर आकर्षक रोशनी करने के साथ फूल मंडली की गई।

हनुमान जन्मोत्सव पर आज शहर के सभी हनुमान मंदिरों में सवामणि व सुंदरकांड पाठ के साथ धार्मिक अनुष्ठान किए गए। पाल बालजी मंदिर, पचेटिया हिल स्थित पंचमुखी बालाजी, सिवांची गेट पंचमुखी प्रत्यक्ष महावीर, रोटरी सर्किल बालाजी मंदिर, पांचवी रोड अठावाल महावीर बगेची हनुमान मंदिर, पावटा रसाला रोड इच्छापूर्ण बालाजी मंदिर, इच्छापूर्ण सिद्ध वीर हनुमान मंदिर शॉपिंग सेंटर प्रतापनगर, पुरानी लोको स्थित हनुमान मंदिर, रसाला रोड शेखावत तालाब स्थित हनुमान मंदिर में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

### कई जगह धार्मिक आयोजन हुए

हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर पाल बालाजी मंदिर में सुंदरकांड सहित विभिन्न धार्मिक आयोजन किए गए। मंदिर के पुजारी ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव पर सुबह ध्वजारोहण किया गया। इसके बाद हनुमानजी का पंचामृत से स्नान व विशेष श्रृंगार किया। सुबह 11 बजे सुंदरकाण्ड व सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ हुआ।

# हनुमान जयंती पर आलासन में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी

**जालोर, (कासं)**। जिलेभर में हनुमान जयंती पर भगवान हनुमान के मंदिरो में भक्तो की भीड नजर आई।

जालोर शहर के निकट कानीवाडा हनुमान मंदिर में हनुमान जयंती पर मेला जैसा माहौल नजर आया। भक्तो ने भगवान हनुमान की प्रतिमा पर तेल सिंदुर चढाकर पूजा अर्चना की तथा सुख समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। कानीवाडा हनुमान में भक्तो ने हनुमान चालीसा का भी पाठ कर बजरंग बली की भक्ति में लीन रहे। वही शहर के सायर की पोल स्थित हनुमान मंदिर सहित शहर के समस्त हनुमान मंदिरो में भी दिनभर बजरंग बली के भक्तो की रेलमपेल लगी रही। कई जगह भजन संध्या का भी आयोजन किया गया।

सायला के पास आलासन में हनुमान जन्मोत्सव को लेकर शोभायात्रा निकाली। फोटो-राष्ट्रदूत

**सायला संवाददाता के अनुसार :** निकटवर्ती ग्राम आलासन स्थित चमत्कारी प्रकट हनुमान मंदिर में गुरुवार को हनुमान जन्मोत्सव का पर्व हर्षोल्लास और भक्तिभाव के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर आयोजित भव्य शोभायात्रा में आस्था का ऐसा ज्वार उमडा की समूचा क्षेत्र जय श्री राम और बजरंग बली के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। शोभायात्रा का गुरुवार प्रात: गोल महंत आशाभारती महाराज, लेटा महंत रणछोड भारती महाराज एवं आलासन महंत हीरा भारती महाराज के पावन सान्निध्य में शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम को लेकर सुबह से ही श्रद्धालुओं का पारंपरिक वेशभूषा में मंदिर पहुँचने का सिलसिला शुरू हो गया था। प्रात: 9 बजे तक मंदिर प्रांगण जनसमूह से भर गया।

इसके बाद ग्रामाचार्य गौतम दवे द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हनुमानजी की प्रतिमा को चांदी के भव्य रथ पर विराजमान किया गया। भक्तिभाव से सराबोर श्रद्धालुओं ने अपने हाथों से हनुमानजी के रथ को खींचकर पुण्य लाभ कमाया। वही पारंपरिक परिधानों में सजी 108 बालिकाएं सिर पर कलश धारण कर मंगल गान करती चल रही थी।

लाभार्थी परिवार के सदस्य हाथी-घोड़ों पर धर्म ध्वजा थामे चल रहे थे, जबकि युवा बैंड-बाजे और डीजे की धुनों पर नाचते-झूमते नजर आए। शोभायात्रा में श्री माजीसा गेर नृत्य पार्टी बावडी ने ढोल-थाली की थाप पर मनमोहक गैर नृत्य प्रस्तुत किया। साथ ही कच्ची घोडी नृत्य और विभिन्न देवी-देवताओं की सजीव झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं।

शोभायात्रा मंदिर से रवाना होकर गांव के मुख्य मार्गों और चौहटों से होती हुई पुन: मंदिर परिसर पहुंचकर संपन्न हुई। दोपहर में महाप्रसादी का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में भक्तों ने भोजन प्रसादी ग्रहण की। इससे पूर्व मंदिर को आकर्षक रोशनी और फूलों से सजाया गया था तथा प्रतिमा का विशेष श्रृंगार किया गया।

हनुमान जन्मोत्सव पर भक्तों ने हनुमानजी को विशेष रूप से चूरमे का भोग लगाकर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की।

संध्या काल में मंदिर परिसर 5000 दीपकों की रोशनी से जगमगा उठा और 108 दीपकों के साथ भव्य महाआरती उतारी गई। मेले में लगे हाट-बाजार में ग्रामीणों ने जमकर खरीदारी का आनंद लिया।

## चोरों ने अस्पताल व घरों के बाहर से उठायी गाड़ियां

**जोधपुर**, (कासं)। कमिश्नरेट में वाहन चोरी की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही है। अस्पतालों, भीड़भाड़ वाली जगहों के साथ घरों के बाहर से भी गाडिय़ां चोरी होना आम बात हो गई है। पुलिस वाहन चोरों तक अपनी पकड़ नहीं बना पा रही है। शहर में गत 24 घंटों में आधा बाइक चोरी के प्रकरण दर्ज हुए है।

मंडोर थाने में दी रिपोर्ट में चाणक्य नगर निवासी सोहनलाल पुत्र जगदीश प्रसाद दमामी ने पुलिस को बताया कि 29 मार्च को वह किशोरबाग स्थित यश अमन अस्पताल दवाई लेने गया था। उसने बाइक अस्पताल के बाहर खड़ी की। थोड़ी देर बाद वापस आया तो देखा कि उसकी बाइक मौके से गायब थी।

बासनी थाने में दी रिपोर्ट में डोली निवासी अशोक पुत्र भगाराम पटेल ने पुलिस को बताया कि 27 मार्च को वह एम्स अस्पताल गया था जहां पर खड़ी की उसकी बाइक को अज्ञात वाहन चोर चुराकर ले गया।

शास्त्रीनगर पुलिस ने बताया कि एमडीएमएच अस्पताल में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी महावीर सिंह पुत्र नरपत सिंह की बाइक अस्पताल परिसर से चोरी हो गई। इसी तरह महामंदिर थाने में दी रिपोर्ट में मोहन नगर ए बीजेएस कॉलोनी निवासी किशन सिंह पुत्र जबर सिंह भाटी ने पुलिस को बताया कि 30 मार्च को वह एस्टोरिया होटल पावटा आया था जहां पर होटल के बाहर खड़ी की उसकी बाइक को चोर चुराकर ले गया।

# डॉ. गोस्वामी ने कार्य संभाला, मंत्री को दी विदाई

पाली जिले के नवनियुक्त जिला कलैक्टर डॉ. रवीन्द्र गोस्वामी ने निर्वतमान जिला कलैक्टर एलएन मंत्री से कार्यभार लिया। फोटो-राष्ट्रदूत

**पाली**, (नि.सं.)जिले के नवनियुक्त जिला कलैक्टर डॉ. रवीन्द्र गोस्वामी ने आज गुरूवार को निर्वतमान जिला कलैक्टर एलएन मंत्री से कार्यभार ग्रहण कर लिया।

इस अवसर पर मंत्री ने उन्हें शुभकामनायें दी। नवपदस्थापित कलैक्टर ने कहा कि राज्य सरकार की मंशानुरूप योजनाओं व विकास को गति देगें व विभिन्न फलैगशिप योजनाओं में आमजन को अधिक से अधिक लाभान्वित करेगें। इस अवसर पर वे जिले के विभिन्न अधिकारियों से मिले और जिले के बारे में जानकारी ली।

इससे पहले नव नियुक्त जिला कलक्टर गोस्वामी का आगमन पर अधिकारियों व कार्मिकों ने स्वागत किया। इसके बाद निर्वतमान जिला कलक्टर एलएन मंत्री को समस्त जिला कलक्टर कार्यालय के अधिकारियों व कार्मिकों ने विदाई समारोह में उन्हें विदाई दी।

एलएन मंत्री ने अपने कार्यकाल के अनुभव साझा करते हुये कहा कि टीम पाली के रूप में कार्य करते हुये हमने कठिन से कठिन कार्य व लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिये भरसक मेहनत की और टीम के रूप में कार्य कर जिले को आगे बढाने का प्रयास किया।

आयोजित कार्यक्रम में जिला कलैक्टर डॉ रवीन्द्र गोस्वामी ने एलएन मंत्री के कृतित्व पर प्रकाश डाला और कहा कि उनका मार्ग दर्शन सदैव हमें प्राप्त होता रहेगा। उन्होंने कहा कि नर को नारायण मानकर सेवा कार्य करेंगे। कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलक्टर डॉ बजरंग सिंह ने एलएन मंत्री के कार्यकाल के अनुभव साझा किये।

इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर ओम प्रभा, प्रशिक्षु आईएएस बिरजू गोपाल, सीईओ मुकेश चौधरी, एसीईओ महेन्द्र मेहता, नगर निगम आयुक्त नवीन भारद्वाज, सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।